Re. Statement by Government

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI V. NARAYANSAMY): Mr. Deputy Chairman, Sir, I would like to respond. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think, the Government is responding. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. NARAYANASAMY: I would like to respond, Sir. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Narayanasamy wants to respond. ...*(Interruptions)*... The Minister wants to respond.

श्री रामदास अग्रवाल (राजस्थान): सर, ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बैठिए। वे बोल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... कुछ रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...(Interruptions).. Mr. Sabir Ali, please sit down. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... साबिर अली जी, मैं कह रहा हूं कि आप प्लीज़ बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI V. NARAYANASAMY: Hon. Deputy Chairman, Sir, the hon. Members have expressed their feelings in the august House. The hon. Minister for External Affairs has already mentioned in the Lok Sabha that the Government will respond on the issue that the hon. Members have raised as regards our senior Cabinet colleague Shri Antulayji. The Government's response will definitely be coming to this House also. ...*(Interruptions)*... Kindly have some patience. ...*(Interruptions)*... We will tell you. We are going to sit up to 23rd of this month. Therefore, the Government will definitely come forward and explain the position. ...*(Interruptions)*...

SHRI MANOHAR JOSHI (Maharashtra): I need your ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Manohar Joshi ji, the Government have assured to come out with a statement. That is sufficient. ...*(Interruptions)*... We will now take up the Science and Engineering Research Board Bill, 2008. Mr. Kapil Sibal. ...*(Interruptions)*...

GOVERNMENT BILLS

The Science and Engineering Research Board Bill, 2008

THE MINISTER OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND THE MINISTER OF EARTH SCIENCES (SHRI KAPIL SIBAL): Sir, I beg to move:

> "That the Bill to provide for the constitution of a Board for promoting basic research in Science and Engineering and to provide financial assistance to persons engaged in such research, academic institutions, research and development laboratories, industrial concerns and other agencies for such research and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration".

Sir, the Science and Engineering Research Board Bill, 2008 seeks to set up a Science and Engineering Research Board for promoting basic research in the country. Sir, I want to point out that over the last many years, in the Ministry of Science and Technology, in the Department of Science

and Technology, we had a set-up called the Science and Engineering Research Council. And the Science and Engineering Research Council, which is part of the Department of Science and Technology, was responsible for funding 50 per cent of all extramural research in the country.

Over the years, we realised that the funding mechanism was not functioning very well within the bureaucratic framework. As we are all aware, Sir, when the funding mechanism resides in the Department, not outside the Department, then it has to undergo all the entire financial regulations and discipline that is applicable to any Government Department. And proposals for research, especially in the context of our growing knowledge economy in India, have multiplied manifold. The bureaucratic procedures were, in fact, proving to be a roadblock in taking research forward.

Many of the proposals, before they could be actually scrutinised, took something like two to three years, and the result therefore was that by the time the consent to the proposal came, three years passed and the whole purpose of putting up the proposal vanished. So, we thought that it was time for us to break away with that and set up an independent Science and Engineering Research Board with autonomous powers, not subject to normal financing procedures of the Government of India, so that the proposals can be quickly scrutinised and the funding mechanism can be put into action as quickly as possible.

That really was the intent of doing this and bringing this legislation. We are aware of the fact that in many other parts of the world such autonomous independent mechanisms are already in existence. For example, Sir, in the United States of America, they have the National Science Foundation, which really funds a lot of research there. Of course, in the United States of America, there are many other organisations like the National Institute of Health. And a lot of public funding has been done through the National Science Foundation, the National Institute of Health, and other mechanisms as well. In Canada and Great Britain, same is the position. In Germany, for example, it has the Max Planck Society, the BKG, and the Humboldt Foundation. In Canada, it is the NSERC and the NRC. I do not want to go into all these examples. All these funding mechanisms, all over the world, are entirely independent of the Government.

The basic purpose of bringing this Bill was to set up this autonomous and independent mechanism. In India too, Sir, even within my own Ministry, apart from the Department of Science and Technology, we have a Department of Biotechnology, which also funds research in a big way. We also have the Ministry of Earth Sciences and we have the Indian Council for Agricultural Research (ICAR). We have the Department of Health Research which is funded by the Ministry of Health. There are several funding mechanisms here as well.

We decided that when we set up this Autonomous Board, we must include in the Board all these multifarious Ministries which also are part of funding mechanism in respect of other proposals. The idea being that when they are part of the Board, the Board will know what kind of research is going on across the country in various departments. And, in the context, when a proposal comes, then the Board can take a holistic decision as to how to take this forward.

Sir, if you notice in Clause 3(3), we have the Secretary to the Government of India in the Department of Science and Technology being the Chairperson. You will find other members here like Member-Secretary, Planning Commission. Then you have Secretary to the Government of India, Department of Biotechnology. Then the Secretary to the Government of India, Department of Scientific and Industrial Research, which is also an agency which funds this. Then you have the Secretary to the Government of India in the Ministry of Earth Sciences. Then you have the Secretary to the Government of India in the Department of Expenditure, so that the financial aspect can be looked at then and there. You have the Department of Health Research, Government of India, Secretary to that Department and, of course, there are certain other independent members and nominees. This really, therefore, is the composition of the Board. And, I think, what this will do is to, in fact, give a great fillip to research in our country and allow decisions to be taken in an autonomous manner. And, Sir, we have also, under section 5, set up an oversight committee of experts and this can be chaired even by an internationally renowned scientist, which will actually suggest to the Board and, in a sense, oversee the functioning of the funding mechanism because we also must make sure that if the Board is carrying this funding mechanism forward, there must also be an oversight committee which is an independent committee, which looks as to how this mechanism is actually working and, in that context, we have set up this oversight committee. Sir, I just wanted to mention that this is the overall purpose and I am sure that as we move forward, this particular constitution of the Board and of an autonomous body will allow research to increase manifold. At the moment, in a country like the United States of America, on an annual basis, there are something like 33000 applications for research and in India, the number is about 3000. And, I think, we need this to multiply. Sir, when we debate this matter during the course of our discussion, I will respond at the end to the comments and observations by colleagues, I wish to mention one thing at the outset that as a matter of national policy and as a matter of national commitment, we must invest more in science and technology and in R&D in our country because any civilisation that actually moves forward, moves forward on the basis of scientific discoveries and moves forward on the basis of research and development, whether it is in the area of space, in the area of medicine, in the area of environment, etc. This is what takes a country forward. And, in our country, unfortunately, only 0.8 per cent of our GDP is invested in R&D as compared to many other countries. One other fact which I wish to mention to you is that in India, the people doing R&D per million population is 156 whereas in countries which are far ahead on the curve of economic growth, the proportion of people doing R&D per million population in, say, Scandinavian countries, is anything between 6000 to 7000 and in the United States of America, it is between 4000 to 5000. So, if we want to take our country forward and continue with the nine per cent growth that we are talking about, we need to move from this paltry number of 156, at least, to 1000 or 2000 per million population. It's then that we will have a kind of the number of people necessary to take R&D forward in this country.

With these words, Sir, I commend this Bill for consideration of the House. Thank you very much, Sir.

The question was proposed.

श्री रामदास अग्रवाल (राजस्थान): उपसभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो विधेयक प्रस्तुत किया है, मैं आज पहली बार पूरे ह्दय से इसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। क्योंकि इन्होनें जो उद्देश्य बताए हैं, ये राष्ट्र हित में हैं, वैज्ञानिकों के हित में हैं और देश के विद्वान लोगों के हित में हैं।

महोदय, माननीय मंत्री जी को पता है कि भारतवर्ष सदैव, हजारों साल से अपने विद्वानों और वैज्ञानिकों पर गर्व करता रहा है। जिस प्रकार से भारतवर्ष अपने वीर और वीरांगनाओं पर विश्वास करता है और उनका सम्मान करता है, वैसे ही वैज्ञानिक और विद्वानों पर भी इस देश को गर्व रहा है। महोदय, बौद्ध काल और उससे पहले वैदिक काल में पूरी दुनिया से छात्र हमारे देश में पढ़ने आते थे। वे यहां से शिक्षा-दीक्षा लेकर, अपने-अपने देशों में जाकर अपना नाम रौशन करते थे, लेकिन उनकी शिक्षा का केन्द्र भारत ही था, इसीलिए शिक्षा की दृष्टि से भारतवर्ष सदैव जगत गुरू के स्थान पर स्थापित रहा है। उपसभापति महोदय, हमारा गौरव प्राचीन काल का रहा है। वर्तमान में भी मैं अपनी तरफ से कहना चाहूंगा, मेरे देश के इस समय और इस समय से पहले के समय, यानी आजादी के बाद और आजादी के पहले, जो विद्वान वैज्ञानिक पैदा हुए, उन सभी को मैं अपनी ओर से हार्दिक बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने साधनों के अभाव में, बजट प्रोविजन न होने के बावजूद, सफिशिएंट फंड्स न होने के बावजूद, उत्तम सरकारी व्यवस्था न होने के बावजूद बहुत बड़े-बड़े अनुसंधान करके इस देश के गौरव को आगे बढ़ाया है, जिसमें आणविक शक्ति बनना भारतवर्ष का एक बहुत बड़ा लक्ष्य था, जो हमारे

[उपसभाध्यक्ष (**प्रो. पी.जे. कुरियन**) पीठासीन हुए]

वैज्ञानिकों ने अपनी क्षमता के आधार पर पूरा किया। इतना ही नहीं भारतवर्ष के वैज्ञानिकों ने पिछले दिनों चंद्रमा पर अपना यान भेजकर दुनिया को यह दिखाया है कि भारतवर्ष के वैज्ञानिक अनेक प्रकार की क्षमताओं से भरे हुए हैं। अगर उन्हें मौका मिलता है तो वे दुनिया में ऐसे बड़े और ऊंचे आश्यर्चजनक करतब करके दिखा सकते हैं, जिन्हें करने का मौका दुनिया के बाकी लोगों को नहीं मिलता है। भारतवर्ष में हम सभी जानते हैं कि हमारे देश से गए हुए छात्रों ने अमरीका, यूरोप या दूसरे देशों में जिस प्रकार से टेक्नोलॉजी में नाम अर्जित किया है, नाम पैदा किया है, वे जिस प्रकार से अपने क्षेत्र में प्रभावी रहे हैं, वह भी हमारे लिए एक बहुत बड़ा कॉम्प्लिमेंट है। परंतु इसके साथ ही हमारे लिए यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे ये छात्र बाहर जाते हैं, बाहर पढ़ते हैं और बाहर जाकर नाम रोशन करते हैं, यहां उन्हें इस प्रकार की शिक्षा और ऐसा अवसर उपलब्ध नहीं होता है। यही वजह है कि हमारा ब्रेन ड्रेन होता है, हमारे वैज्ञानिक बाहर चले जाते हैं, लेकिन हमें यह गर्व अनुभव होता है कि वे कहीं भी आएं, वे भारतवर्ष के रहकर भारत का नाम ऊंचा करते हैं। हमें इसमें गौरव का अनुभव होता है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इन्हीं शब्दों के साथ यह कहना चाहता हूं कि चाहे आज हमारे मंत्री महोदय ने यह बिल रखा है, ऐसा कहा जाता है - देर आए, दुरूस्त आए, चलिए देर से ही सही आप तो दुरूस्त आए, क्योंकि देश की आवश्यकता थी। उन्होंने स्वयं अभी कहा कि रेड टेपिज्म, जो सरकारी होता है, सरकारी एडमिनिस्ट्रेशन की जो व्यवस्था होती है, उसके अंतर्गत विद्वान वैज्ञानिकों या उनसे संबंधित विभागों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके कारण डन्हें अपने कई प्रस्ताव, जो तुरंत स्वीकृत होने चाहिए, वे स्वीकृत नहीं होते जिससे डिले होता है। वैज्ञानिकों को डिले, अर्थात् कोई चीज आज करनी है तो आज ही करनी पड़ती है, लेकिन हमारी प्रशासनिक व्यवस्था का तौर-तरीका इस प्रकार का बन गया है, बना दिया गया है और इसके अंदर जो ब्यूरोक्रेटिक समस्याएं हैं, उन्होंने उसका भी उल्लेख किया है, मैं इस बात के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस बात को रियलाइज किया है कि वास्तव में इस देश के प्रगति में रोड़े अटकाने वाले कई तत्व हैं, जो हमारे ऐसे वैज्ञानिकों के या हमारी उन्नति के रास्ते में रोड़े अटकाते रहते हैं। उन्होंने जो इस प्रकार का बोर्ड बनाने का निर्णय किया है, यह स्वागत योग्य है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कपिल साहब से केवल इतना कहना चाहता हूं कि आपने इसमें केवल दो सौ करोड़ का प्रोविजन किया है। आपने इसके बोर्ड के लिए जो दो सौ करोड़ का प्रोविजन किया है, यह ऊंट के मुंह में जीरा है। उन्होंने अभी कहा कि जितने अलग-अलग विभाग हैं, जो साइंस की रिसर्च का काम कर रहे हैं, उन सभी को मिलाकर एक सामूहिक निर्णय लेने

के लिए जिस बोर्ड का गठन कर रहे हैं, उसमें सारे विभागों के अंदर, जो रिसर्च के काम में अपना योगदान देते हैं, वे सभी इसमें शामिल होंगे। उनके द्वारा जो खर्च किया जाता है, वह पैसा भी शायद इसके अंदर जा सकेगा या इसके परव्यू में आ सकेगा, यह मंत्री महोदय मुझे बताएंगे कि क्या यह संभव होगा कि विभिन्न मंत्रालय अपने द्वारा किए गए रिसर्च के कामों को एक जगह पर इकट्ठा करने के लिए एक बोर्ड के अंतर्गत काम करने के लिए तैयार होंगे? क्या वे अपनी उन सारी व्यवस्थाओं को छोड़ कर इस प्रकार की व्यवस्था को स्वीकार करेंगे? इसका स्पष्टीकरण माननीय मंत्री महोदय को देना चाहिए, क्योंकि इसी प्रकार से यह बोर्ड केवल बोर्ड के नाम पर बना रहा, जैसा हम देखते हैं, कई बोर्ड बनते हैं, उन बोर्डों में बजट का जितना प्रोविजन रखा जाता है, उनके गाड़ी-घोड़ों पर, उनके मकानों पर, उनके भत्तों पर उसका उपयोग हो जाता है और बोर्ड का जो निश्चित उद्देश्य होता है, वे प्राप्त नहीं कर पाते हैं। जब उसका उद्देश्य पूरा नहीं होता है, तो केवल बजट प्रोविजन से वे अपना खर्च चलाते हैं और कुछ लोगों को उसमें डायरेक्टर बना दिया जाता है और उसके बाद वह बोर्ड सिर्फ नाम मात्र का बना रहता है और उसका काम पूरा नहीं होता। मैं कपिल सिब्बल साहब से कहना चाहता हूं कि आपने एक बहुत अच्छा, बड़ा ऐतिहासिक काम अपने हाथ में लिया है। अगर आपने वास्तव में एक सफल बोर्ड का निर्माण किया, यद्यपि आप इसका निर्माण बहुत देर से कर रहे हैं, क्योंकि अब समय आ गया है, कहीं कोई-न-कोई जाएगा और कोई-न-कोई आएगा, लेकिन फिर भी सदन में आपने यह प्रस्ताव रखा है, यह प्रस्ताव स्वागतयोग्य है। कोई सरकार आज आए या कल जाए, इस प्रकार की भावना का सम्मान करने के लिए, वैज्ञानिकों को सहूलियतें देने के लिए, उन्हें अवसर देने के लिए, उन्हें आगे बढ़ने के लिए विभिन्न क्षेत्र हैं। विज्ञान के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। यह असीमित क्षेत्र है, जहां पर काम करने के लिए पता नहीं कितने-कितने क्षेत्र हैं, जिनमें वे काम किए जा सकते हैं। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि हमारे पास 1.5 लाख नॉटिकल माइल्स की समुद्री सीमा है। हमारी इतनी विराट समुद्री सीमा है, यह हमारा एरिया है, उस एरिया के अन्दर जाने कितने प्रकार के valuable minerals पड़े हैं और वे refined form में भरे हुए हैं। उनकी कीमत बहुत अधिक हो सकती है। दूसरे देशों में इसकी टेक्नोलॉजी है, लेकिन हमारे पास इसकी टेक्नोलॉजी के अभाव के कारण हम उनका शोधन नहीं कर सकते, हम उनका और उपयोग नहीं कर सकते और हम उनका उपयोग करके देश की आर्थिक उन्नति करने में असमर्थ हैं। मैं चाहता हूं कि मेरा देश भी उसी लाइन में खड़ा हो, जहां पर वह अपने समुद्र में छिपे हुए रत्नों को, छिपे हुए धन को, छिपे हुए साधनों को निकाल कर, minerals को निकाल कर उनका उपयोग देश की आर्थिक उन्नति में करे। मैं चाहता हूं कि मेरा देश space के क्षेत्र में और आगे बढ़े। आज दुनिया मंगल ग्रह पर पहुंच गई है, हमारी भावना है कि हमारे लोग भी वहां पहुंचे। चन्द्रमा पर तो हम चले गए हैं, हमारे लोग भी चन्द्रमा पर उतर जाएंगे, हम आशा करते हैं कि हमारे देश का कभी कोई ऐसा वैज्ञानिक जरूर पैदा होगा, जिस प्रकार से वे लोग मंगल ग्रह पर जा रहे हैं, वैसे हम भी मंगल ग्रह पर जा सकेंगे। यह हमारी भावना है। हम चाहते हैं कि हमारा देश इसी प्रकार से दुनिया में अपने ज्ञान और विज्ञान में ऊंचे-से-ऊंचा स्तर प्राप्त करे, जैसे हमारे छोटे-छोटे बालकों ने इस समय कम्प्यूटर्स के ऊपर दुनिया में कब्जा कर रखा है। जब कम्प्यूटर्स की Y2K की समस्या आई, तो 1999 में किसने इसका समाधान निकाला? हमारे देश के IIT के इन छोटे-छोटे छात्रों ने इस समस्या का समाधान निकाल कर दुनिया में अपना नाम रोशन किया था। हमारे पास क्षमता है, हमारे पास विद्वता है, हमारे पास brain है, हमारे पास सब कुछ है, लड़के हैं, लड़कियां हैं, योग्यता है, लेकिन अवसर का अभाव होता है। यही कारण होता है कि हमारे दिमाग का जो उपयोग होना चाहिए, वह पूरा नहीं हो पाता। मैं समझता हूं कि अगर वास्तव में सरकार तहेदिल से चाहती है, कोई भी सरकार चाहती है, तो इन छात्रों को, इन वैज्ञानिकों को, जो हमारे देश में उत्पन्न होते हैं, उनका सदुपयोग करके, उनकी जो अनुसंधान करने की जो प्रवृत्ति है, उनके अंदर संस्कार है, उसको वह ऊंचा उठा सकती है और उसका उपयोग कर सकती है। तब जाकर हमारे देश का नाम रोशन होगा, तब जाकर हमारी सरकार दावे के साथ यह कह सकेगी कि हमने अपने देश

के अन्दर पैदा होने वाले उन लोगों का, जो बहुत intelligent हैं, जो सब प्रकार से क्षमतावान हैं, उनकी बुद्धि का उपयोग करने का हमने जो प्रयास किया, वह हो सकता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि भारतवर्ष में जब इस प्रकार का अभियान चलता है, भारतवर्ष ने सदैव इन चीजों का उपयोग किया है। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Agarwalji, you can continue your speech in the afternoon, after introduction of Private Members' Bills is over.

The House is adjourned to meet at 2.30 p.m.

The House then adjourned for lunch at one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty one minutes past two of the clock.

THE VICE-CHAIRMAN, PROF. P. J. KURIEN, in the Chair.

GOVERNMENT BILLS - *contd.*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Now, we take up the Government Legislative Business. Bill for introduction – The South Asian University Bill, 2008. Shri Pranab Mukherjee.

The South Asian University Bill, 2008

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Mr. Vice- Chairman, Sir, with your permission, I move for leave to introduce a Bill to give effect to the Agreement for the establishment of South Asian University and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Sir, I introduce the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Now, we take up the Private Members' Legislative Business.

PRIVATE MEMBERS' BILLS

The Code of Criminal Procedure (Amendment) Bill, 2007

SHRI VIJAY JAWAHARLAL DARDA (Maharashtra): Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Code of Criminal Procedure, 1973.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI VIJAY JAWAHARLAL DARDA: Sir, I introduce the Bill.

The Gymnasiums and Fitness Centres (Regulation) Bill, 2007

SHRI VIJAY JAWAHARLAL DARDA (Maharashtra): Sir, I move for leave to introduce a Bill to provide for regulation and control of gymnasiums and fitness centers which are engaged in activities, such as giving training on weight lifting and body building and conduct courses for weight reduction and proper nutrition in the country and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.